The hon. Member asked us again and again to give deep thought to this problem. I should like to request him to do the same thing. Has he given deep thought to this problem from all its angles? If he has, then how is it that he has been blind to these aspects? The clauses contained in the Bill are very unpracticable. I do not know what he has in mind. Has he worked out the cost of the enforcement machinery? What does he think would be the machinery by way of the tribunals that would be required? Has he any idea of the number of police officers that would be required? He says that he is always conscious of the difficulties of the backward classes and the Scheduled Castes. He must be knowing how the official staff is not adequate there. How is it then that he has not thought about this fact that it would be beond the means of Government to employ the additional staff required for this purpose. I would again like to stress that I have got the greatest sympathy for the hardships of the domestic servants and I have no sympathy for the employers who do not look at the hardships of the domestic servants from a humanitarian point of view. India has a tradition in this respect. If the employers are from the villages and belong to the educated and cultured classes, they should look upon the servants like members of their own families, like their own children, and the servants also look upon their employers as members of their own families. If we have, on account of the industrialisation and stress of modern life, forgotten those ways, then there is ample scope for the social workers to get active and to revive those old traditions. Therefore, while I sympathise with the Statement of Objects and Reasons, I feel that every effort should be made to educate not only the domestic servants but also the employers in their sense of duty and I feel that the object of this Bill will have been achieved if this discussion, which, I hope, will continue on the next non-official day also, is used for focussing attention on the danger that may be there, *viz,* that people would not like to take to domestic service. As long back as 1921 or 1922 when the legislation about domestic servants had come in England, it was not so drastic as this one, requiring that the police should have the identity marks etc., but all that was intended was that a percentage of the domestic servants' wages should be paid as contribution to the Government by the employers from which they could get free medical help and there should be two half days a week, not one full day, given to the domestic servants as leave. But even then the domestic servants used to avoid domestic work and take to service in hotels. Today our hotels are not called industrial concerns, though there is such a legislation as the Shop Assistants' Hours of Duty Rules under which the shop assistants' hours of duty are regulated but I do not think it is applicable in all the small towns. Though it is there and under that, some of these petty shops and hotels etc. can be, to begin with, brought under this type of legislation to give relief to the workers, yet I do not think, in spite

[Dr. Shrimati Seeta Parmanand.]

of the sympathy one may have with the lot of domestic servants, one would say that the time has come to justify this type of measure which will defeat its very purpose and it will only add to the list of measures which only remain on paper and which create a sense, among the citizens, of defiance for law because the inability of the Government to implement any Act, and is indirectly taken by all concerned to imply weakness. The domestic servants would themselves not even give for fear of being out of their jobs, any information of injustice done to them. That kind of thing strikes at the very root of the principle of law and order. It is therefore the interest of these very important issues that are involved, even if one were to agree to pass this type of legislation, that makes me reluctantly tell the mover that the only thing he can do is to withdraw the motion because the time is not yet ripe for it.

श्री नवाबसिंह चौहान (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, श्री राजभोज जी ने जो बिल सदन के सामने पेश किया है, उसके अंतर्गत जो भावना है यानी स्पिरिट है, उसका मैं स्वागत करता हूं। शायद ही कोई ऐसा दिल वाला आदमी हो जो इस बात का स्वागत न करे। किन्तु मुझे यह कहते हुये भी संकोच नहीं होता है कि जिस मकसद से, जिस आशा से यह बिल यहां सदन के सामने हमारे मित्र राजभोज जी लाये हैं, अगर इसी शक्ल में यह पास हो गया और इस पर अमल होने लगा, तो उसके बिल्कुल विपरीत ही असर होगा, उल्टा असर होगा और जो घरेलू काम करने वाले कर्मचारी हैं उनकी परेशानियां बढ़ जायंगी। जो श्रीमती परमानंद जी अभी बोलीं उन्होंने कुछ बातों पर प्रकाश डाला है। इस समय हमारा समाज एक विचित्र ढंग का है। किस तरीके से कानून पास होते है, उन पर किस तरीके से अमल होता है और किस तरीके से वे तोड़े जाते हैं, इन तमाम चीजों को देखते हुये यह मुझे गैरमुमकिन मालूम पड़ रहा है कि इससे कोई लाभ होगा, उपकार होगा, बल्कि उपकार की जगह अपकार होगा, नुकसान होगा। अच्छा होता कि यदि श्री राजभोज जी इस बिल में ही या किसी प्रस्ताव के द्वारा यह कहते कि जो सहूलियतें आजकल शेड्यूल्ड कास्ट को मिल रही है, वही इन बेचारों को भी दी जायं। ये घरेलू कर्मचारी वैसे प्रायः खुद ही बच्चे होते है लेकिन बहुत से ऐसे भी होते है जिनके खुद बच्चे होते है। इनके बच्चों को फ्री एजूकेशन मिले, नौकरियों मे रिजर्वेशन मिले और दूसरी सुविधाएं मिलें, अगर यह सब इस बिल में होता तो ज्यादा अच्छा होता। लेकिन यह सब इस में नहीं है, इसके माने यह कदापि नहीं होते हैं कि वे इस से सहमत नही हैं। एक बात मैं यह अवश्य कहूंगा कि इस बिल को पेश करके एक बात श्री राजभोज जी ने प्रत्यक्ष कर दी है। मैं उनके मुंह से सदैव यह सुना करता था कि शैड्यूल्ड कास्ट को यह नही मिला, वह नही मिला, लेकिन अब उन्हें यह अनुभव हुआ है कि शैड्यूल्ड कास्ट के अलावा भी कुछ ऐसे लोग हैं जिनको सहूलियतें मिलनी चाहियें इस लिए प्रत्यक्षरूप से नहीं, डाइरेक्टली नहीं, इंडाइरेक्टली इस सिद्धांत को इस बिल के ज़रिए राजभोज जी ने स्वीकार कर लिया है कि शड्यूल्ड कास्ट को मिलने वाली सहूलियतें इकनोमिक आधार पर मिलनी चाहिये न कि जाति क आधार पर। पर्वतीय प्रदेश से जो दिल्ली में काम करने आते हैं वे या तो क्षत्रिय होते है या ब्राह्मण होते है। इस तरह राजभोज जी जो सिफारिश कर रहे है उस के माने यह है कि उल्टे तरीके से वे यह कह रहे हैं कि लोगों को आर्थिक तौर पर सहूलियतें मिलनी चाहियें क्योंकि सब जातियों में गरीब और अमीर होते हैं। आज वहां का एक क्षत्रिय यहां आकर नौकरी करता है, लेकिन उसको कोई सहूलियत नहीं मिलती है। एक शेड्यूल्ड कास्ट आफिसर है, जो हजार रुपया तनख्वाह पा रहा है, उसके बच्चों की फीस माफ है

और हर तरीके की सहूलियतें मिल रही है महज इस वजह से कि वह उन जातियों में पैदा हुआ है जो शैड्यूल्ड कास्ट के अन्दर लिखी हुई है और दूसरा एक क्षत्रिय है, जो कास्ट हिन्दू समझा जाता है, वह आकर उसके बर्तन मांज रहा है। इस भेदभाव को दूर करना चाहिये । मैं समझता हूं कि राजभोज जी इस बिल में न सही लेकिन वैसे हर तरीके से इसका समर्थन करेंगे ।

यह बिल जिस शक्ल में उन्होंने पेश किया है उस में बहुत से काट्रेडिक्शंस है और अगर व मान लिये गये तो जैसा कि मैंने पहले कहा इस बिल से बहुत नुकसान और हानि हो सकती है। इस में आपने यह दिया है कि जाब वर्क करेंगे यानी वर्तन मांजेंगे, कपड़े धोयेंगे, उन पर यह बिल लागू नही होगा । इसके क्या माने है। दूसरी तरफ डामेस्टिक वर्कर्स की आप यह परिभाषा करते है :

"working, sweeping, cleaning, gardening, tending domestic animals, keeping children etc."

उस में भी यह चीजे आ जाती है । इसका मतलब यह है कि दो चीजें परस्पर विरोधी है। अगर उस चीज को मान लिया जाय जो पहले मैंने बतलाया कि जो जाब वर्क करेंगे उन पर यह बिल लागू नहीं होगा, तो इस बिल का मकसद खत्म हो जाता है । जाब वर्क के यही तो माने है कि कोई आया और एक घंटे में बर्तन मांज करके कुछ रुपये लेकर चला गया। फिर तो इसी तरीके से सब काम करायेंगे और घरेलू कर्मचारियों को कोई सहूलियत नहीं मिलेगी। लोग कहेंगे कि हमारे बर्तन और कपड़े साफ कर जाया करो और इतने पैसे ले लिया करो। घरेलू कर्मचारियों की तरह रखेंगे तो झगड़े बढ़ेंगे । इसके अलावा उन्होंने यह कहा कि ३० रुपये दे दो, लेकिन उन्होंने यह जाहिर नहीं किया है कि इस में खाना शामिल होगा या नहीं । आपने देखा होगा कि इन नौकरों को तनख्वाह के साथ खाना भी मिल जाता है, लेकिन इस में इसका कोई जिक्र नही किया गया है। तो मैं कह रहा था कि इस कानून के कारण बहुत से झगड़े पड़ जायेंगे । यह तमाम चीजें होंगी कि सब्जी लाता है उस में पैसा बचा लेता है, घी ज्यादा लगाता है, ज्यादा खा जाता है। तो ये तमाम मुश्किलात है । जहां कानून आया कि झगड़े आये। आप समझिये कि एक ऐसा समय था जब कि मालिकों और नौकरों के घर के से सम्बन्ध थे। इस में कसूर सभी का है। यह कहना कि इसका कसूर ज्यादा है और उसका बिल्कुल नहीं है ठीक नहीं है । यह दूसरी बात है कि किसी का कसूर अधिक हो, किसी का कम हो। आज जमाना आ गया कि झगड़े होने लगे और कानून की मदद लेने लगे इससे तो और ज्यादा झगड़े बढ़ गये और अब ट्राइब्युनल्स से ले कर हाई कोर्ट तक जाते है। तो ऐसी चीजों में जहां सहूलियत देने की हम कोशिश करते है वहां हमें यह भी मालूम करने की कोशिश करनी चाहिये कि इस चीज के अन्दर क्या है, इसका रूट काज क्या है ? इसका कारण क्या है ? क्या वजह है कि बाहर से लोग आकर के दिल्ली शहर में नौकरी करने के लिये मजबूर होते है। मैं सरकार से कहता हूं कि यह जो आर्बनाइजेशन हो रहा है इसको रोकना चाहिये। लोगों के दिमागों में रूरल वायस पैदा होना चाहिये लेकिन उसका उल्टा हो रहा है । ऐसे ऐसे लोग शहरों में आ रहे हैं जिनके कि घरों में खेती होती है और यहां आकर वे बर्तन मांजते हैं। इसकी क्या वजह है ? इसका कारण है गरीबी। गरीबी से मजबूर होकर लोग आते है ऐसा काम करते हैं। तो ऐसे कानूनों को बना कर अगर इस समस्या को हम हल करना चाहें तो यह हर्गिज नहीं हो सकता है। आपको गरीबी को जड़ से काटना होगा। इस कानून को बना कर आप लोगों पर प्रतिबन्ध लगाते है, ठीक है, लेकिन वास्तव में जब लोगों में जागरूकता आयेगी, जब लोगों की आर्थिक स्थिति भिन्न हो जायगी तो आगे लोग खुद अपने हाथों से काम करना शुरू कर देंगे,

[श्री नवाब सिंह चौहान]

नौकर रखना पसन्द नहीं करेंगे और झगड़े में नहीं पड़ना चाहेंगे। वे कहेंगे कि अदालतबाजी और पुलिस के चक्कर और इन झगड़ों में पड़ने से यह अच्छा है कि अपने आप ही घर के कामों को कर लें। इसके साथ ही साथ इन तमाम कामों को करने के लिये बहुत सी दुकानें खुल जायेंगी, हमारे साउथ इन्डिया म बहुत अच्छा होटल का सिस्टम है, और भी बहुत सी जगहों में लोग होटल में जा कर खा आते है। तो आगे चल कर बीबी बच्चे होटल में जा कर खा आयेंगे और कपड़े वगैरह भी दुकानों में धुलवा लेंगे। अभी जो अकेले रहते हैं वे इस तरीके की चीजें करते है, आगे चल कर के फेमलीज़ भी ऐसा करने लगेंगी। तो ऐसी हालत में किसको मजबूरी होगी? हम को तो यह देखना है कि जो लोग इस काम के लिये जहां से आते है उनको वहां ही रोजगार मिले। आप देखेंगे कि बहुत से लोग पहाड़ों पर से आते है। पहाड़ों की सुन्दर जिन्दगी और सुन्दर आबोहवा को छोड़ कर शहरों में आने के लिये मजबूर होते है, जहां कि उनको स्वच्छ पानी भी पीने को नहीं मिलता है और जहां कि गर्मी मे वे झुलस जाते है और जहां कि हर तरह के ऐब भी आ जाते है। पहाड़ों पर कितना पवित्र जीवन होता है, पहाड़ों पर जहां कहीं आप जाइयेगा उसी जगह पर एक शान्ति की जिन्दगी मिलेगी। अतः सरकार को कोशिश करनी चाहिये कि इन लोगों की बेकारी दूर हो, और मेरा यह सुझाव है कि सरकार को चाहिये कि इन लोगों को वहां पर ही वह ज़मीनें दे। ये लोग पहाड़ों के ऊपर ज़मीनें जोत कर अच्छे से अच्छे फल उगा सकते हैं। आज दुनिया भर को ज़मीनें दी जा रही है, शेड्यूल्ड कास्ट को दी जा रही है। बड़ी खुशी की बात है, लेकिन इन लोगों की उन से भी बुरी हालत है, इसलिये इनको भी जहां सरकारी ज़मीनें हों वहां मिलनी चाहियें। जहां कांसोलिडेशन आफ होल्डिंग्स के करने से या जो सीलिंग लगा रहे हैं उस से या किसी तरह से ज़मीनें सरकार के पूल में आवें उन में स इन लोगों को देनी चाहिये। इसके साथ ही साथ और सुविधायें इनको मिलनी चाहियें। वहां इनकी शिक्षा मुफ्त होनी चाहिये और हर तरह की सुविधा होनी चाहिये।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PUSHPALATA DAS) in the Chair.]

यह भी आप अनुभव करते होंगे कि ये लोग पहाड़ों के ऊपर क्यों गये थे? पुराने ज़माने मे बहुत से लोग अपनी सरहद की रक्षा के लिये वहां रखे गये थे। इसीलिये तो आप देखते हैं कि ये गोरखा और गढ़वाली जो हैं इन में ऐसे बड़े बड़े बांके जवान हैं जिन्होंने कि लड़ाई में ब्रिटिश ज़माने में और अब भी नाम कमाये हैं, ये बड़े रण बांकुरे हैं। तो उनका ही एक भाई आज यहां बर्तन घिसने पर मजबूर होता है। इसलिये राष्ट्र के हित में इनका जिस तरह से अच्छी तरह से इस्तेमाल हो सकता है उस तरह से करना चाहिये। अगर आज हिमालय पहाड़ की रक्षा के लिये यहां का आदमी यू० पी० से, पंजाब से भेज दिया जायगा तो चाहे वह बहुत ही अच्छा आदमी हो लेकिन फिर भी पहाड़ों पर चढ़ने उतरने का काम वहां का आदमी ही अधिक से अधिक आसानी से कर सकता है। इसलिये इस बात पर ध्यान देना सरकार का फर्ज है। इन में बड़े बड़े सुन्दर युवक हैं, नौजवान हैं और इनको मिलिटरी में नौकरी देनी चाहिये। ये लोग बड़े अच्छे सैनिक साबित होंगे, इनके जरिये से हिमालय की जो हमारी बाउंडरी है, सरहद है, उसकी रक्षा ठीक ढंग से हो सकेगी। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि ये तमाम कदम उसे शीघ्र से शीघ्र उठाने चाहियें ताकि एक ऐसे तबके का जो कि हमारे समाज और देश के लिये बहुत उपकारी तबका है कुछ हित हो सके।

मैंने इस बिल की कुछ बातें बतलाई थीं कि किस तरीके की चीज़ें इस बिल में राजभोज जी ने रखी है। जैसा कि मैंने बतलाया था कि उन्होंने इस में पुलिस को भी जोड़ दिया

है । आप जानते हैं कि "पुलिस का वेरिफिकेशन" इस में अगर आ गया तो फिर एम्पलायर और एम्पलाई की क्या दशा होगी ? शायद एम्प्लायर की दशा खराब न हो क्योंकि अगर वे दिल्ली में रहते है तो उन में कोई अफसर होगा या पार्लियामेंट का मेम्बर होगा या उनकी किसी न किसी से दोस्ती होगी लेकिन इन बेचारे मज़दूरों की जो आफत आ जायगी । यह चीज़ उस के ऊपर ही आकर पड़ेगी और वह भागता फिरेगा । गांव में उसका बाप थाने के अन्दर जायेगा और वह कहेगा कि दरोगा जी, दीवान साहब, आप किसी तरह से इस को नेकचलन लिख दीजियेगा नहीं तो इसकी नौकरी छूट जायगी । वहां उसको कुछ न कुछ देना पड़ेगा, जैसा कि आजकल होता है, बगैर इसके काम नही होता है । मैं आपको एक उदाहरण इसका देता हूं । मेरी तरफ के एक आदमी--जो कि नीची जगह पर केन्द्रीय सरकार में नौकर है उनको बहुत दिनों के बाद कहीं कुछ शुबहा हुआ कि पुलिस के जरिये से उनकी जांच पड़ताल होगी--मेरे पास आये और अपनी तमाम दिक्कतें बताईं । ये दिक्कतें अब भी होती हैं । वे समझते थे कि बड़ी मुश्किल हो जायेगी । कोई नुक्स, कोई बुराई उसके कैरेक्टर में नहीं थी लेकिन खामख्वाह लोग रुपया लेने के लिये इस तरह की चीजें कर देते है । इसलिये अगर इन लोगों को पुलिस के गलत आदमियों के--पुलिस के अच्छे आदमियों की बात मैं नहीं कहता हूं--चंगुल में फंसाना हो तो इस चीज़ को इस में लागू कर दें और तमाम चीजें उस से हो जायेंगी और वे भी याद करेंगे कि राजभोज जी इस तरह का बिल लाये थे । वे उस वक्त समझ सकेंगे कि वाकई इस बिल को लाने से जो उनका मंशा था उसके बिल्कुल विपरीत काम हो रहा है ।

इस में उन्होंने कहा है कि पुलिस किसी डोमेस्टिक वर्कर का इंस्पेक्शन कर सकती है । जैसा कि मैंने अभी जिक्र किया था कि पुलिस वाले को किसी के घर में इंस्पेक्शन करने का अधिकार दे देना गलत है । मान लीजिये कोई अपने नौकर के बारे में नहीं बताता है, तो पुलिस घर में घुस सकती है, वह यह भी कह सकती है कि कहीं किसी कोठरी में उसे बन्द नहीं कर दिया हो । तो इस तरह से एक बड़ी बदमज़गी और बेचैनी परिवारों में पैदा हो सकती है और इसको कोई भी पसन्द नहीं करेगा । अगर पुलिस चाहेगी इसकी वजह से मर घर मे, या किसी मेम्बर के या किसी सेक्रेटरी के घर में भी, घुस सकती है और कह सकती है कि साहब आप डोमेस्टिक वर्कर्स को रखते हैं इसलिये इंस्पेक्शन करना है । मैं समझता हूं कि आगे चल कर लोग ऊब जायेंगे और नौकर रखना पसन्द नही करेंगे । जो डोमेस्टिक वर्कर्स है वे भी इस चीज़ को पसन्द नही करेंगे क्योंकि आम मजदूरों में और डोमेस्टिक वर्कर्स में बहुत ज्यादा अन्तर है । वैसे मज़दूर एक काम के लिये होते हैं लेकिन ये एक परिवार के होते हैं और इनका एक फैमिली का सा जीवन होता है । अगर इनके साथ फेमिली मेम्बर का सा बर्ताव मालिक नहीं करता है तो फिर काम नही चल सकता है और अगर उस के दिमाग में भी यह चीज़ नहीं है कि मैं भी इस घर का हूं तो भी कभी भी ठीक ढंग से काम नहीं चल सकता है । बिना ऐसा हुए गड़बड़ होगी और आज नही तो कल यह चीज़ खत्म हो जायेगी ।

इसमें उन्होंने लिखा है :

"No domestic worker shall be made to work for more than ten hours in a day."

इसका क्या मतलब है ? कोई चीज़ साफ नहीं है । "१० घंटे से ज्यादा" का क्या मतलब है ?

ठाकुर भानु प्रताप सिंह (मध्य प्रदेश) : साफ कर नहीं सकते ।

श्री नवाबसिंह चौहान : साफ नहीं कर सकते ? सफाई करने के लिये तो बैठे ही हुए है । कुल मिला कर १० घंटा हुआ या नहीं हुआ इसकी जांच पड़ताल कौन करेगा ?

श्री पां० ना० राजभोज : ११ बजे, १२ बजे रात तक ये लोग काम करते हैं।

श्री नवाबसिंह चौहान : आपने दस घंटे कर दिया तो दस घंटे में वह क्या क्या न करा लेगा? वह करा लेगा चार दिन का काम। जिस तरह मिल में बुनकर अपने काम में लगे रहते है, पानी पीने इत्यादि जैसे कामों को छोड़ कर बाकी वक्त वे बुनने में ही लगे रहते हैं। मालिक अपने नौकर को उसी तरह से लगाये रखेगा।

श्री पां० ना० राजभोज : आप सीता परमानन्द जी की तरह बात मत कहिये।

श्री नवाबसिंह चौहान : हम भी कोन दूसरी तरह से रहते हैं, तकरीबन हम सब लोग एक ही तरह से रहते हैं, एक से रहे हैं। हमारी हालत तो यह है :

कौम के गम में डिनर खाते हैं हुक्काम के साथ।
रंज लीडर को बहुत है मगर आराम के साथ !!

अनुभव सब करते हैं। लीडर को भी है तो है ही लेकिन बहुत आराम के साथ है। सीता जी को भी अनुभव है, वे भी श्रमिकों में, मजदूरों में काम करती हैं।

श्री पां० ना० राजभोज : वे तो बहुत पैसे वाली हैं।

श्री नवाबसिंह चौहान : वह ठीक है, लेकिन पैसे वाले का पैसा तो छीना नहीं जा सकता।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PUSHPALATA DAS): Mr. Rajabhoj, you will have time to reply.

श्री पां० ना० राजभोज : उनको गरीबों की गरीबी का हाल मालूम नहीं है इसलिये कह रहा हूं।

श्री नवाबसिंह चौहान : गरीबों के प्रति हमदर्दी जबानी जमाखर्च करने से नहीं होती है, न उससे उनकी मदद होती है। लेकिन हमें इस तरह के प्रपोजल्स रखने चाहियें। मेरा कहने का मकसद यह था कि आपकी स्प्रिट, आपकी भावना, नीयत, वाकई मदद करने की है लेकिन उसे जिस ढंग से आपने रखा है उससे उसका विपरीत अर्थ होगा। अच्छा हो कि किसी तरीके से सुधारा जाय . . .

श्री पां० ना० राजभोज : सजेशन दीजिये।

श्री नवाबसिंह चौहान : सजेशन तो बहुत से दे रहा हूं, लेकिन इस के नुक्स बता रहा हूं आपको। यह तो जाहिर है कि जब तक बिल ही न बदल दिया जाय तब तक मकसद निकालना बहुत मुश्किल होगा।

Clause 12(1) says:

"Every domestic worker shall be entitled after twelve months' continuous employment to privilege leave with full wages for a total period of not less than fifteen days."

जहां तक लीव का ताल्लुक है, ठीक है, यह सब सुविधा होनी चाहिये। लोगों में किसी को इस पर आपत्ति नहीं है। जितनी तनख्वाह आप कहते है उससे भी ज्यादा हो जाये तो अच्छा है। लेकिन जैसा कि अभी बतलाया गया उसका नतीजा यह होगा कि लोग स्वयं काम करने लगेंगे, नौकर रखेंगे ही नही। मैं पढ़े लिखे श्रेणी की बात बतलाता हूं। हमारे यहां यू० पी० में बी० ए० पास करने के बाद जो एल० टी० या बी० टी० कर लेते हैं उनका ग्रेड १२० रु० से शुरू होता है। लेकिन नतीजा क्या होता है स्कूल कालेज में उनको ७० या ८० रु० पर रखते हैं, और उनसे मैनेजर १२० रु० की रसीद लेते हैं क्योंकि वह तनख्वाह गैर कानूनी है, और वे अपनी राजीखुशी से रसीद देते हैं। एक्चुअल जो पेमेंट उनको होता है वह ६०, ७० या ८० रु० होता है। एक ही चीज का सहारा हो सकता है, स्ट्राइक का। एक तरफ से स्ट्राइक होगा तो दूसरी तरफ से भी हो जायेगा। कोई सूरत नहीं निकलती है। यहां नई दिल्ली में तो मेहतरों की भी स्ट्राइक नहीं हो सकती। वैसे मेहतर का ही काम एक ऐसा काम होता है

जिसको और कोई नहीं कर सकता, उसमें दूसरे लोग नाकामयाब होते हैं। लेकिन बाकी तमाम चीजें ऐसी हैं जो लोग अपने आप कर लेंगे और परेशानियां बढ़ती जायेंगी। इसमें सोलहवीं दफा में आपने लिखा है :

"Nothing in this Act shall be construed so as to preclude the employer and the domestic worker from entering into a contract which would benefit the latter in material respects."

इसमें ऐसा मालूम पड़ता है कि नौकरों के फायदे के लिये यह चीज कही गई है लेकिन मक्सद उसका उल्टा होगा। यह भी प्राविजन सुन्दर नहीं मालूम पड़ता है। इसलिये मैं और अधिक न कहकर, जैसा कि और लोगों ने प्रस्तावक महोदय को धन्यवाद दिया है, बहुत से पत्र इत्यादि उनके पास आये हैं, मैं भी उनको बिल्कुल सामने खड़े होकर धन्यवाद दे रहा हूं ऐसी उच्च भावनाओं के लिये। लेकिन धन्यवाद देने के साथ मैं उनका ध्यान इस ओर भी आकर्षित करना चाहता हूं, जैसा कि मैंने पहले कहा है, कि वे गहराई के साथ इन बातों के ऊपर विचार करें कि इससे प्राप्ति क्या होगी, जो बातें बिल में कही गई हैं उनका इम्प्लीकेशन क्या होगा और कितने गरीब एम्प्लॉइयों का उनसे हित हो सकेगा और कितना नहीं हो सकेगा। क्या उनसे दोनों पार्टियों को परेशानी नहीं होगी? हालांकि बिल में आपने दूसरी पार्टी, एम्प्लायर के ऊपर ज्यादा अंकुश रखा है लेकिन जब यह बिल अमल में आयेगा तो अंकुश उस बेचारे गरीब नौकर के ऊपर हो जायेगा। इसलिये मैं फिर इस बात को दोहराऊंगा, कि इससे यह समस्या सुलझ नहीं सकती है। गवर्नमेंट का यह फर्ज है कि जो दो पोइंट मैंने रखे उन पर ध्यान दे। एक तो उनको जमीनें दे जो यहां पर पहाड़ों से आयें हैं ताकि वे उन जमीनों को जोत सकें, वहां पर और भी काम कर सकें, गार्डनिंग कर सकें, सेब पैदा कर सकें क्योंकि बड़े तेज भाव हो गये हैं सेब के और दिल्ली वालों को नहीं मिलते हैं, अंगूर नहीं मिलता है क्योंकि अफगानिस्तान से आता है और पाकिस्तान के कारण कभी आना बन्द हो जाता है। इसलिये पहाड़ों के ऊपर, हाई हिल्स के ऊपर आप उनको जमीन देकर बसाये। दूसरे उनको आप मिलिटरी के अन्दर भर्ती करें और अच्छा हो कि ऐसा वातावरण पैदा किया जाये कि ये लोग यहां न आने पायें और शहर की जो दूषित हवा है वह न लगने पावे, ये लोग वैसे पवित्र रहें जैसे कि थे।

इन बातों को कहते हुये मैं समाप्त करता हूं।

PROF. A. R. WADIA (Nominated): Madam Vice-Chairman, I do appreciate the good intentions of my friend, Mr. Rajabhoj. But when I have said this, I am not in a position to say a word more in favour of the Bill. In fact, it is difficult to think of a more ill-conceived and more badly thought-out Bill than Mr. Rajabhoj has thought fit to bring before us. My task of criticism has been appreciably lightened by the two previous speakers who have spoken very forcefully and very cogently on the subject.

Madam, I have been very fond of telling my European friends and my Indian friends that in the economic world of today there is one respect in which India is definitely superior to the West and that is in the matter of domestic servants. I know that this source of pride will not continue long. We are going in for more and more industrialisation and our people will naturally get more and more wages there None, except a fool or an idiot, will prefer to be a domestic servant on a lower pay when he is going to get much better wages in an industrial concern. But, if by any mischance, Mr. Rajabhoj's ideas are carried out, he will hasten the day when there will be practically no domestic servants for the simple reason that under these extreme conditions, extreme rules that he is proposing, most persons would prefer to get rid of domestic servants rather than employ them.

[Prof. A. R. Wadia.]

As a matter of fact, so many people come from villages to our cities. Why? Because there is not work enough in the villages. In the cities why do people go in for domestic service at all? Because there is not sufficient employment in the industrial field. Now, if the ordinary middle class people, who employ servants, are forced to undertake all these terrible liabilities imposed in the Bill, they will naturally not employ these domestic servants, and the immediate result of such a Bill would be rise in unemployment. I am perfectly certain that there might be one person out of ten who might possibly get all these advantages, but there will be nine persons who will be thrown on the streets, and following the consequences of increased unemployment there will be more of beggary, there will be more of crimes, more of robberies and more of pocket pickings, so that all the advantages which Mr. Rajabhoj dreams of will absolutely evaporate. I am afraid, Mr. Rajabhoj is not fully conscious of the present-day conditions of employment. He is talking of reporting to the police as soon as a servant is employed. He does not seem to be conscious of the fact how often our domestic servants change nowadays.

Within a week we might have three servants and every time we are expected to run to the police station to report. All the remedies which he is proposing in clause 4 and the following clauses are absolutely impracticable. The importance which he gives to the police will only succeed in introducing police raj which will not be of any benefit either to the employers or to the employees; it will only make our life more miserable.

Clause 4 is thoroughly impracticable. 'Domestic Servant' includes either a full-time servant or a part-time servant. He has not made any distinction in their wages. Are we expected to make the minimum wage of Rs. 30 for a servant below the age of 18 and Rs. 40 for a servant above the age of 18 applicable to a person who is even in part-time employment? Has he taken into consideration the fact that most of our domestic servants are not merely paid wages but are also fed and even clothed? Does he include that in the wages to be given to the domestic servants? In other words, he is really making the relationship between the master and the servant much more difficult, much more inhuman than it has ever been in the past. There is a sense in which this master and servant relationship has something beautiful about it provided the master is human and the servant is human and very often both of them are human. I have known of a master who has given money, not a few hundreds but a few thousands, to a servant to build a house in his own village. I have known of masters who in their will have given legacies to their servants. Recently there was a case where a man—only his sister is surviving but he had got a very big house and a number of servants—definitely laid down in his will that not a single servant should be dismissed and that the whole establishment should go on as it used to go on in his life-time. That is a beautiful human relationship which you cannot possibly expect under the conditions of force and police raj that Mr. Rajabhoj has in mind.

Clause 9 talks of a full day's rest every week and it says that no deduction shall be made from the wages—a very sensible thing. Then he says that the minimum wage of a domestic worker under eighteen years of age shall be Rs. 30 per month and over eighteen years of age Rs. 40 per month. How many people are there who can afford these wages to be paid? So, the net result of Mr. Rajabhoj's endeavour would be to create unemployment It may perhaps be good for the employers if they have to work by hand and the sort of lazy life that some of us are tempted to lead under present conditions may go. That may be of

benefit to the employers, certainly not to the employees whose interest Mr. Rajabhoj has in mind.

Clause 11 is thoroughly impracticable. It has already been noted, and I am glad that it has been noted by so well known a labour leader as Shrimati Seeta Parmanand, that our domestic servants have not got that efficiency that domestic servants of the West have or even the domestic servants in Japan or China have. I have seen that efficiency with my own eyes and if one can afford it, one would not grudge the high wages that are given to domestic servants there, but it is very questionable whether with the inefficiency of our domestic servants it would be justifiable to pay them high wages. They have not got the honesty either which the servants in the West and servants in Japan and China usually have. There is hardly any servant who can honestly say that he is living only on the wages given to him. I think that is a notorious fact; it is no use being blind to it.

Madam, for all these reasons I sincerely appeal to Mr. Rajabhoj that if he has really the interests of the employees at heart, he should withdraw the Bill, otherwise the time may come when these very people will curse the persons responsible for this Bill.

श्री रतनलाल किशोरीलाल मालवीय (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, यह बिल श्री राजभोज जी ने जिस ढंग से पेश किया है और उसके संबंध में जो भाषण दिया उससे मुझे यह मालूम होता है कि उन्होंन दिल्ली में होने वाली घटनाओं और आन्दोलनों के सहारे और उन पर निर्भर करते हुए यह बिल पेश किया है । उनके भाषण से यह मालूम होता है कि यह बिल पूरे देश पर लागू नहीं होगा बल्कि दिल्ली में जो डोमेस्टिक सर्वेंट्स हैं, उन पर ही लागू करने के लिये पेश किया गया है । उनके भाषण से यह भी पता लगता है कि जो ज्यादती डोमेस्टिक सर्वेंट्स पर होती है वह ज्यादातर पहाड़ पर से आने वाले लोगों पर ही होती है और मेरा अनुभव यह बतलाता है कि पहाड़ से आने वाले ज्यादातर लोग दिल्ली में ही काम करते हैं । चूंकि मैं इस खयाल का हूं कि यह बिल एसे लोगों के लिये पेश किया गया है जो दिल्ली--या जैसा आप फरमाते हैं शायद कुछ बड़े शहरों में काम करने वाले, डोमेस्टिक सर्वेंटस के लिये है, इसलिये इन सब बातों को ध्यान में रखते हुये मैं दो चार बात इस बिल के बारे में बोलना चाहता हूं ।

इसमें कोई शक नहीं है कि डोमेस्टिक सर्वेंटस वैसे ही गरीब, वैसे ही बेसहारा और कुचले हुये मजदूर हैं जैसे किसी दूसरी इंडस्ट्री में--चाहे वह टैक्सटाइल की हो, चाहे इंजीनियरिंग की हों या कोई भी बड़ी इंडस्ट्री हो । जहां मजदूर संगठन है वहां पर वे संगठन के सहारे अपनी मांग पूरी करा लेते हैं । मैं जब किसी मजदूर के बारे मे और खास तौर से डोमेस्टिक सर्वेंट्स के बारे में आज बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं तो मैं डोमेस्टिक सर्वेंट्स को भी उसी नजर से देखता हूं जिस तरह से किसी दूसरी इंडस्ट्री में काम करने वाले मजदूर को--चाहे वह टैक्सटाइल का हो, चाहे इंजीनियरिंग का हो, चाहे शाप असिस्टेंट हो, कोई भी हो । मैं समझता हूं कि यह दलील कि अगर इनकी हालत सुधारने की कोशिश की जायेगी तो वे बेसहरे हो जायेगे, उन्हें काम नही मिलेगा, इस तरह की बात आज के जमाने में ठीक नहीं जंचती हैं । खास तौर से एक मजदूर कार्यकर्ता किसी मजदूर और मजदूर के बीच भेद नहीं कर सकता और जब डोमेस्टिक सर्वेंट्स की बात आती है तो उन्हें हरिजन नही समझा जा सकता है । डोमेस्टिक सर्वेंट्स भी उसी तरह के मजदूर हैं जिस तरह और इंडस्ट्रियों के मजदूर है और इसलिये जहां तक मजदूरों की सुविधा का सम्बन्ध है, मैं इस सम्बन्ध

[श्री रतनलाल किशोरीलाल मालवीय]

में अपने साथी श्री राजभोज के साथ हूं जिन्होंने यह बिल सदन के सामने पेश किया है। वे पददलित लोगों के बीच काम करते हैं और उन्होंने अपना जीवन उन्हीं में गुजारा है। उनकी जो सहानुभूति उनके साथ है, वह स्वाभाविक है। जहां तक इस सहानुभूति का ताल्लुक है मैं भी उनके साथ हूं। मैं यह चाहता हूं कि मजदूरों की मजदूरी या मासिक वेतन ठीक ढंग से मुकर्रर कर दिया जाये जैसा कि दूसरी इंडस्ट्रीज में अभी तक हुआ है, हो रहा है और अकेले वेजेज़ बोर्ड की मदद से नहीं, अकेले ट्रिब्युनल की मदद से नहीं और दूसरे तरीके से नहीं; मिनिमम वेजेज़ एक्ट के सहारे यह कोशिश की जा रही है। ऐसे लोग, ऐसे मज़दूर जो कि रेग्युलर इंडस्ट्रीज के नहीं हैं, जो कि बड़ी इडस्ट्रीज के नहीं हैं, छोटी छोटी इंडस्ट्रीज के हैं, छोटे छोटे कल कारखानों में काम करते हैं, प्रेस के लोग हैं, चूना भट्टा के लोग हैं, जहां दस दस, बीस बीस, पचीस पचीस आदमी काम करते हैं, थोड़े आदमी काम करते हैं, ऐसे लोगों के लिये जब हमने कानून बनाया है, कुछ सहारा दिया है, तो मैं यह भी चाहता हूं कि इस तरह के लोगों को भी कुछ सहारा दिया जाये।

शाप असिस्टेंट्स का जहां तक ताल्लुक है आज सबको मालूम है कि पहले दूकानदार ११ बजे और १२ बजे रात तक दूकानें खोला करते थे। शाप असिस्टेंट्स ऐक्ट जब से आया तब से कोई भी दूकान आठ बजे के बाद खुली नहीं मिलती। इससे शाप असिस्टेंट्स को कुछ राहत मिली है। डामेस्टिक सर्वेंट्स की हैसियत करीब करीब वैसी ही है जैसी कि शाप असिस्टेंट्स की है। शाप असिस्टेंट्स छोटी बड़ी दूकानों में काम करते हैं और ये डामेस्टिक सर्वेंट्स छोटे बड़े घरों में काम करते है। हमारे लिये यह कहना ठीक नही है कि अभी वक्त नहीं आया है और उनके लिये कुछ न किया जाये या ऐसा बिल पास हो जाने से ऐसी स्थिति पैदा हो जायेगी कि लोग नौकर रखना छोड़ देंगे। छोड़ देंगे तो अच्छा होगा, कोई बात नहीं है। जो लोग अपने हाथ से काम कर सकते हैं उनके लिये तो कुछ कहने की बात नहीं है। हर एक को अपना काम अपने हाथ से करना चाहिये। मगर जहां तक कानून का ताल्लुक है, जहां तक कानून के सहारे का ताल्लुक है, जहां तक मज़दूरी का ताल्लुक है, मैं इस पक्ष में हूं कि हर एक वर्ग के आदमी को, मज़दूर को, चाहे वह किसी महकमे में, चाहे किसी जगह काम करने वाला हो, उसको इतना वतन ज़रूर मिले कि जिससे वह ठीक ढंग से अपनी गुज़र बसर कर सके, ठीक ढंग से अपने बच्चों को पाल सके और देश का एक अच्छा नागरिक बन सके। तो मैं इस पक्ष में हूं कि चाहे कानून के द्वारा हो या गवर्नमेंट कोई ऐसी कार्यवाही करे जिससे इन डामेस्टिक सर्वेंट्स को सहारा मिले। उनकी मज़दूरी मुकर्रर हो, उनके काम के घंटे मुकर्रर हों, उनको प्राविडेंट फंड मिले और जो सहूलियतें दूसरे इंडस्ट्रियल वर्कर्स को मिलती हैं वे उनको भी मिल सकें। सवाल यह है कि आज कितना काम हो सकता है। अगर हमें सोशलिस्ट पैटर्न आफ सोसायटी कायम करना है तो हम इस चीज़ से बंधे हुये हैं कि हम उनको कुछ राहत दें। यहां दूसरे माननीय सदस्य ने जो यह कहा कि इससे गड़बड़ हो जायेगा, डामेस्टिक सर्वेंट्स की नौकरी छूट जायेगी, मैं इस से सहमत नहीं हूं। मैं यह चाहता हूं कि इनके लिये ठीक ढंग से कानून बने। जिस तरह लेबर मिनिस्ट्री अपने कानून बनाती रहती है और लोगों को राहत देती रहती है, उसी तरह चाहे ऐक्ट बना कर हो, चाहे कोई आर्डर निकाल कर हो, चाहे कोई आफिसर मुकर्रर करके हो, ऐसी कोई कार्यवाही की जाय जिससे उनको राहत मिले।

अब सवाल यह है कि श्री राजभोज जी ने जिस रूप में यह बिल रखा है उस रूप में यह बिल डामेस्टिक सर्वेंट्स को फायदा पहुंचायेगा या नहीं इसमें मुझे संदेह है। दरअसल जिस वक्त मैं इस बिल को दफा ५, ६, ७ और ८ पढ़ रहा था उस वक्त मेरा खून ठंडा हो रहा था। मैं सोच रहा था कि वे दफायें निगरानी करने वाले मुलजिम के लिये हैं या डमेस्टिक सर्वेंट्स के लिये हैं। मुझे ऐसा लगता था कि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की सर्विलेंस की दफायें उठा कर इस बिल में रख दी गई हैं। मैं किसी तरह इन चार दफाओं से सहमत नहीं हो सकता क्योंकि मैं जानता हूं कि अगर ये चार दफायें इस बिल में रह गईं या पास हो गईं तो ये डामेस्टिक सर्वेंट्स के ऊपर कहर ढा देंगी। जिस वक्त ये दफायें हमारे दोस्त ने लिखी होंगी, उस वक्त शायद उनके सामने दिल्ली में होने वाली मेम्बर पार्लियामेंट की चोरियों का दृश्य रहा हो। मुझ को ऐसा लगता है कि शायद जिस वक्त ये दफाये लिखी गईं, उस वक्त उनके सामने वह तस्वीर हो कि डामेस्टिक सर्वेंट चोरी करके भाग जाते हैं। ऐसे बहुत से किस्से हैं कि मेम्बर साहब बाहर चले गये और उनक कपड़े लत्ते तक गायब हो गये। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। मैं इन दफाओं से बिल्कुल सहमत नहीं हो सकता। ये डामस्टिक सवट्स के लिये काल का काम करेंगी और उनका जीवन नरक बना देंगी। उनकी हालत वैसी ही हो जायेगी जैसी कि संगीन जुर्म करने वालों की होती है जिनकी निगरानी होती रहती है और जो २४ घंटा कांपते रहते हैं। ये दफायें कई सदस्य अपना भाषण देते वक्त पढ़ चुके हैं। इस लिये मुझ को इनके बारे में कुछ ज्यादा नहीं कहना है। दफा २ और ३ एक दूसरे के विरुद्ध हैं और यह तय करना मुश्किल हो जायेगा कि किन को डामेस्टिक सर्वेंट्स माना जाये। यह फैसला करते करते कानून थक जायेगा। इन दफाओं में एक यह बड़ा जबरदस्त, आपर्स विरोध है और जो दूसरी दफायें ५ से लेकर ८ तक है वे सर्विलेंस की दफायें हैं। इनके अलावा फिर क्या रह जाता है। ९ से १२ तक की दफायें वेतन के बारे में हैं। वेतन के बारे में जो दफा ११ है उससे मैं सहमत नहीं हूं क्योंकि यह दफा पास हो जाने के बाद आज जो घरेलू नौकर घर में काम करते हैं और घर में खाना खाते हैं, कपड़ा पाते है, वह बन्द हो जायेगा। इस कानून में यह नहीं है कि यह ४० रुपया कपड़े खाने के अलावा है या क्या है। जब उसका ४० रुपया मिनिमम वेज मुकर्रर हो जायगा, तो कोई भी आदमी खुशी से ४० रु० दे देगा और खाना कपड़ा बन्द कर देगा। इससे एक नई मुसीबत आ जायेगी। जहां तक एम्प्लायर्स के जुर्माने वगैरह का सवाल है, वह कुछ नहीं है, बहुत कम है। यह बात जरूर है कि अगर गवर्नमेंट कोशिश करेगी तो मजदूर को थोड़ी बहुत राहत मिल जाय। इस बिल के जरिये तो कोई राहत मिलती नहीं। अगर हमारे मित्र श्री राजभोज जी यह चाहते हैं कि उनकी महत्वाकांक्षा पूरी हो तो वे इस बिल के रूप को बदल दें और नये सिरे से कोई बिल पेश करें। इसके साथ साथ मुझे यह विश्वास है कि मद्रास की कांफ्रेंस में गवर्नमेंट ने जो कदम उठाया था वह एक यथेष्ट कदम है और वह एक ऐसी चीज है जिस की वजह से इन मजदूरों का काफी सुधार हो सकता है।

5 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PUSHPALATA DAS): May I know if the hon. Member wants to take more time?

SHRI RATANLAL KISHORILAL MALVIYA: Ten minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI PUSHPALATA DAS): Then please continue on the next non-official day. There is a Message.